बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

पत्रांक : 11/वि०-06/2025-393 पटना, दिनांक 20/03/2026

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),
बिहार, पटना।

द्वारा: आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।

विषयः **वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संलग्न सूची भवनो एवं परिसरों पर पटना नगर निगम का एकीकृत रूप से माह दिसंबर 2025 तक बकाया सेवा शुल्क एवं ठोस कचरा प्रबंधन शुल्क (ब्याज/पेनाल्टी की राशि सहित) के भुगतान हेतु किराया महसुल एवं कर मद् में ₹20,00,000/-(बीस लाख) रूपये मात्र की स्वीकृति एवं विमुक्ति की स्वीकृति के संबंध में।**

आदेश : स्वीकृत।

निदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संलग्न सूची भवनों एवं परिसरों पर पटना नगर निगम का एकीकृत रूप से माह दिसंबर 2025 तक बकाया सेवा शुल्क एवं ठोस कचरा प्रबंधन शुल्क (ब्याज/पेनाल्टी की राशि सहित) के भुगतान हेतु किराया महसुल एवं कर मद् में ₹20,00,000/-(बीस लाख) रूपये मात्र की स्वीकृति एवं विमुक्ति की स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

2. अंकनीय है कि नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना के पत्रांक-17177 दिनांक-22.12.2025 द्वारा राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संलग्न सूची भवनों एवं परिसरों पर पटना नगर निगम का सेवा शुल्क एवं ठोस कचरा प्रबंधन शुल्क के मद् में माह दिसंबर-2025 तक माध्यमिक शिक्षा अंतर्गत कुल ₹1,58,01,036/- (एक करोड़ अन्ठाबन लाख एक हजार छत्तीस) रूपये मात्र का अधियाचना प्राप्त है।

3. उक्त के अंतर्गत स्वीकृत राशि कुल ₹20,00,000/-(बीस लाख) रूपये मात्र का विकलन मांग संख्या-21, मुख्यशीर्ष-2202, सामान्य शिक्षा, उप मुख्यशीर्ष-02-माध्यमिक शिक्षा, लघु शीर्ष-109-राजकीय माध्यमिक विद्यालय, उप शीर्ष-0001-अन्य विद्यालय अन्तर्गत विपत्र कोड-21-2202-02-109-0001 के विषय शीर्ष-14.01-किराया महसूल एवं कर मद् अन्तर्गत उपबंधित राशि से किया जायेगा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विपत्र कोड-21-2202-02-109-0001 के विषय शीर्ष-14. 01-किराया महसूल एवं कर मद् अन्तर्गत कुल ₹20,00,000/-(बीस लाख) रूपये मात्र का उपबंध प्राप्त है।

4. स्वीकृत राशि की निकासी अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा नया सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से विहित BTC-46 पर विपत्र तैयार कराकर कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना के माध्यम से पटना नगर निगम, पटना के Account Name-Patna Municipal Corporation-Online Tax Collection, Account No-00000040214765981 एवं IFSC Code-SBIN0007506 में उपलब्ध कराया जायेगा। राशि का आवंटनादेश CFMS के माध्यम से उप निदेशक (प्रशासन), शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित प्रक्रियानुसार किया जाएगा।

5. राशि आवंटन/निकासी के दो माह के अन्दर नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धि शिक्षा विभाग, पटना को उपलब्ध कराना सुनिशिचत करेंगे।

6. सेवा शुल्क एवं ठोस कचरा प्रबंधन शुल्क विपत्र के भुगतान के पश्चात् संबंधित विद्यालय के विद्यालय प्रधान से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर विभाग को उपलब्ध करायी जाएगी।

7. राशि की निकासी एवं व्यय वित्त विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा समय–समय पर दिए गए निदेशों/आदेशों के अनुसार किया जायेगा। नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि राशि का विचलन एवं अपव्यय किसी भी स्थिति में न हो।

8. वित्त विभागीय पत्रांक–7355, दिनांक–05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

10. राशि की निकासी एवं व्यय वित्त विभागीय स्थायी अनुदेश सं०–2561 दिनांक–17.04.1998 एवं वित्त विभाग, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत संकल्प, परिपत्रों एवं अन्य पत्रों में निहित निदेशों के आलोक में की जाएगी।

11. संचिका संख्या–11/वि०–06/2025 के **पृष्ठ/नोट–24/टि०** पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

12. संचिका संख्या–11/वि०–06/2025 के **पृष्ठ/नोट–27/टि०** पर अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/–

(अजय सतीश भेंगरा)

उप सचिव, शिक्षा विभाग

ज्ञापांक: 11 / वि०–06 / 2025...393...   पटना, दिनांक 20/03/2026

प्रतिलिपि:– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह० / –

उप सचिव, शिक्षा विभाग

ज्ञापांक: 11 / वि०–06 / 2025...393...   पटना, दिनांक 20/03/2026

प्रतिलिपि:– अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव / निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना / वित्त विभाग (योजना एवं बजट) / योजना एवं विकास विभाग / उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा / जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना / अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा / बजट शाखा / लेखा शाखा / योजना शाखा शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह० / –

उप सचिव, शिक्षा विभाग

ज्ञापांक: 11 / वि०–06 / 2025...393...   पटना, दिनांक 20/03/2026

प्रतिलिपि:– प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19.3.26

उप सचिव, शिक्षा विभाग